भारत का लोक सेवा प्रसारक
आकाशवाणीः क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवारः 11.02.2026, समयः 0720

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के दोनों मंडलों में उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन के निर्माण के निर्देश दिए।
- प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन और चारधाम यात्रा को बेहतर बनाने के लिए सरकार के प्रयास जारी। धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा— पहली बार चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वीर माधो सिंह भंडारी सहकारी सामूहिक खेती योजना को प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू करने पर जोर दिया।
- जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार अभियान के तहत पौड़ी गढ़वाल की न्याय पंचायत पाबौ में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

सामुदायिक भवन का निर्माण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के दोनों मंडलों में उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन के निर्माण के निर्देश दिए हैं। देहरादून में उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन भवनों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

श्री धामी ने ओबीसी बहुल क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार—प्रसार और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच समन्वय, नियमित समीक्षा और लाभार्थियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

विंटर गेम्स व चारधाम यात्रा

प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में विंटर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, शीतकाल समाप्त होने के बाद विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की शुरुआत को लेकर भी प्रशासनिक स्तर पर व्यापक योजनाएं बनाई जा रही हैं।

पर्यटन और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाओं के साथ सुरक्षा का भरोसा देना है। उन्होंने बताया कि इस बार चारधाम यात्रा में एक नया नवाचार जोड़ा जाएगा, जिसके तहत यात्रियों के लिए बीमा सुविधा प्रदान की जाएगी।

धर्मस्व मंत्री ने हरिद्वार में आगामी कुंभ आयोजन को लेकर कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर की जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे, हवाई और यातायात व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

एआई

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी–मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 में संशोधन अधिसूचित किए हैं। इन नियमों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई द्वारा निर्मित और आर्टिफिशियल सामग्री को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को एआई द्वारा निर्मित या डीप फेक सामग्री को सरकार द्वारा चिह्नित किए जाने तथा न्यायालय के आदेश के बाद तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। आधिकारिक अधिसूचना में डिजिटल प्लेटफॉर्मों को एआई लेबल या संबंधित मेटाडेटा को लागू होने के बाद हटाने या दबाने की अनुमति देने से भी रोक दिया गया है। नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे।

सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में सहकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान दून कोऑपरेटिव स्टोर (सहकारी बाजार) और सहकारी विपणन से संबंधित विभागीय स्तर पर की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की गई।

डॉ. रावत ने वीर माधो सिंह भंडारी सहकारी सामूहिक खेती योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू किया जाए, ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

इसके अलावा, उन्होंने 17 फरवरी को गुजरात में आयोजित होने वाले सहकारिता मंत्रियों के द्वितीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ देश'

जर्मनी के नूरेमबर्ग में आयोजित जैविक उत्पादों के विश्व के अग्रणी व्यापार मेले बायोफैच 2026 में भारत को प्रतिष्ठित 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ देश' का सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान 14 वर्षों के बाद वैश्विक जैविक कृषि के केंद्र में भारत की वापसी का प्रतीक है। बायोफैच 2026, तेरह फरवरी तक चलेगा।

जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत पौड़ी गढ़वाल जिले की न्याय पंचायत पाबौ में एक बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवन्त ने की। इस दौरान जनसमस्याओं के समाधान के साथ ही पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

पाबौ में शिविर के आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्थानीय निवासी ज्योति ने बताया कि शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। साथ ही उन्होंने अपने स्वयं सहायता समूह का स्टॉल भी लगाया।

राष्ट्रीय स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप

बैंगलोर में 4 से 9 फरवरी 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, अंडर–19 वर्ग में पिथौरागढ़ जिले के दो होनहार मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते हैं।

70 किलोग्राम भार वर्ग में दीपेश अधिकारी ने कांस्य पदक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान दीपेश ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पंजाब के मजबूत मुक्केबाजों को पराजित किया।

वहीं, 50 किलोग्राम भार वर्ग में कोमल लोहिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। कोमल ने उत्तराखंड बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– तृणमूल के बिना विपक्ष ने चला स्पीकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का अस्त्र।

कालसी सड़क दुर्घटना पर अमर उजाला लिखता है– यूटिलिटी खाई में गिरी, 3 महिलाओं की मौत

बांगलादेश में हिंदू व्यक्ति की हत्या पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– बांग्लादेश में दुकान के भीतर हिंदू व्यापारी की कर दी हत्या।

प्रदेश में ग्रीन सेस पर हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखंड में 11 जगह ग्रीन सेस की वसूली